## न्यूज कार्नर

### ग्राम पंचायत सचिवों से मांगा स्पष्टीकरण

**जागरण, नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा रवि फसलों की नरवाई किसानों द्वारा न जलाने के लिए अभियान चलाया गया था, जिसमें पंचायतवार शिविर लगाकर किसानों को जागरूक किया गया था। नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और गांव में आग लगने की संभावनाएं बनी रहती है। इसके बावजूद भी किसानों ने नरवाई में आग लगाई गई, पंचायत सचिव द्वारा इस संबंध में रोक लगाने का प्रयास नही किया गया। प्रशासन द्वारा आंकड़े जुटाए हैं जिनमें 18 मार्च 2025 से 19 अप्रैल 2025 के बीच ग्राम पंचायत बादरी में 23 मामले, भटटी में 26, डोबीतालपुरा में 39, नयागांव में 20, तीखड़ में 28, जमानी में 37 एवं मलोथर में 19 मामले में नरवाई में आग लगाने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला द्वारा ग्राम पंचायत सचिवो से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि उन्होंने इस संबंध में रोक लगाने के लिए क्या प्रयास किए। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं हुआ तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### संभागीय समीक्षा बैठक 29 अप्रैल को

**जागरण, नर्मदापुरम।** संभागीय समीक्षा बैठक संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में 29 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संभागायुक्त श्री तिवारी जल संसाधन विभाग, तवा परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण पीआईयू, सेतु निर्माण, लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा करेंगे। पूर्व में उक्त बैठक बुधवार को आयोजित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारण से स्थगित कर, 29 अप्रैल को होगी।

### राज्यपाल ने किया कमिश्नर को सम्मानित



**जागरण, नर्मदापुरम।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने झंडा निधि में लक्ष्य से अधिक राशि जमा करने पर नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी को सम्मानित किया। बुधवार को राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर जन सहयोग से नर्मदापुरम संभाग में लक्ष्य से अधिक राशि का संग्रहण हुआ है जो एक बहुत बडी उपलब्धि है। उन्होने लक्ष्य से अधिक सहयोग राशि का संग्रहण करने पर संभागायुक्त श्री तिवारी के प्रयासों की सराहना की सहयोग कर्ताओं का आभार माना।

### ज्ञानोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 26 तक

**जागरण, नर्मदापुरम।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं और 9वीं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से ज्ञानोदय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। चयन हेतु इच्छुक छात्र, छात्राऐं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में कार्यालयीन समय में 26 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

### द्वितीय नेशनल लोक अदालत 10 मई को

**जागरण, नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 10 मई को संपूर्ण भारत में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह लोक अदालत वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत होगी, जो तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक एक साथ आयोजित की जायेगी। नर्मदापुरम में यह लोक अदालत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशन तथा सचिव विजय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित की जायेगी। जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील न्यायालय इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर एवं सिवनी मालवा के न्यायालयों में भी इसका आयोजन किया जायेगा।

# मरकाढाना के पास दिनदहाड़े की जा रही पोकलेन से मिट्‌टी की खुदाई



**जागरण, सोहागपुर।** सोहागपुर विकासखंड के ग्राम मरकाढाना के करीब बिछुआ क्षेत्र के रकवे में खनन माफिया के द्वारा लगातार खुदाई की जा रही है इस क्षेत्र में दिनदहाड़े पोकलेन मशीन से मिट्टी खुदाई का कार्य किया जा रहा है। बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के शासकीय भूमि से खनन किए जाने का यह पहला मामला नहीं है वरन् क्षेत्र में खनन माफिया पहले भी धड़ल्ले से खुदाई का कार्य कर चुके हैं। लेकिन हैरत की बात यह है कि शिकवे शिकायत की बावजूद भी माफिया पर जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है खानापूर्ति के नाम पर संबंधित हल्का पटवारी को जांच के आदेश दिए जाते हैं हल्का पटवारी जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर देता है लेकिन इसके बाद भी किसी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही माफिया पर नहीं होती है। ऐंसा होने से लाखों रुपए के राजस्व की हानि शासन को तो होती ही है साथ ही शासन की पर्यावरण संरक्षण की मंशा भी थोथी ही प्रतीत होती है। प्रत्यक्ष सदस्यों के मुताबिक यहां विगत चार पांच दिनों से लगातार खुदाई का कार्य किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को भी खुदाई की जानकारी है लेकिन साथ में कार्यवाही नहीं करने का दबाव भी है। एक तरफ कमिश्नर कलेक्टर अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खनन माफिया के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दे रहे हैं तो वहीं दिनदहाड़े धड़ल्ले से पोकलेन मशीन से व्यापक स्तर पर मिट्टी की खुदाई सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ा रही है। दरअसल ठेकेदारों के द्वारा करोड़ों रुपए के सड़क निर्माण अथवा मरम्मत एवं शोल्डर फीलिंग के ठेके प्राप्त किए गए हैं और इन कामों में पूरा ही हेतु मिट्टी की आपूर्ति सुहागपुर विकासखंड के बिछुआ, सियारखेड़ा, मरकाढना, पट्टन, टेकापार, रैनी पानी इत्यादि ग्रामीण क्षेत्रों मिट्टी की खुदाई कर की जा रही है। सोहागपुर विकासखंड में सरकारी भूमि से अवैध रूप से खुदाई करने के पीछे का मुख्य कारण यह है कि यहां पर कोई शिकायत नहीं करता है और यदि शिकायत करता भी है तो राजनैतिक संरक्षण के कारण जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी कार्यवाही नहीं कर पाते हैं।

लोगों का कहना है कि बेलगाम हो रहे खनिज माफिया पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होना जिले में खनिज माफियाओं को खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का संरक्षण होने की ओर इशारा करती है उल्लेखनीय है कि सरकारी नियम अनुसार कुम्हार समाज के लोगों को छोड़कर कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के मिट्टी की खुदाई नहीं कर सकता कुम्हार समाज के लोगों को भी जीविकोपार्जन हेतु सिर्फ तीन फीट तक मिट्टी खोदने की छूट है। और यहां तो कई फीट गहरा एवं कई फीट लंबा चौड़ा रकबा पोकलेन से खोदकर सैकड़ो डंपर मिट्टी धरती के गर्भ से निकली जा रही है। लेकिन फिर भी प्रशासन की आंख पर पट्टी बंधी हुई प्रतीत हो रही है। पहले भी यहां से कई मामले हैं जिनमें खराज माफिया के द्वारा निजी एवं सरकारी भूमि से सैकड़ो डंपर मिट्टी खोदी गई है लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही देखने को मिली है। सोहागपुर क्षेत्र में खनन हेतु किसी प्रकार की अनुमति दी गई है क्या? संबंधी प्रश्न का जवाब देते हुए सोहागपुर एसडीएम श्री जैन ने कहा कि किसी प्रकार की कोई अनुमति हमारे द्वारा नहीं दी गई है, ना ही खनन हेतु हम अनुमति देने के पात्र हैं। अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही एवं खनन हेतु अनुमति दोनों ही अधिकार खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के पास सुरक्षित होते हैं।

**इनका कहना है**

आपके ही माध्यम से ग्राम मरकाढना के आसपास खुदाई होने की जानकारी मिली है। संबंधित क्षेत्र के आर.आई एवं हल्का पटवारी को भेज कर मौके की जांच कराई जाएगी और यदि अवैध रूप से खनन हुआ है तो जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

**अनिल कुमार जैन,**
**एसडीएम, सोहागपुर**

## नपा के शिविर में 274 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**जागरण, नर्मदापुरम।** नगरपालिका परिषद द्वारा मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल के निजी अस्पताल द्वारा सुबह 10 से 4 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगरपालिका परिषद कार्यालय में किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के जांच निःशुल्क की गई। शिविर में 274 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया गया। शिविर का निरीक्षण नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और सीएमओ हेमेश्वरी पटले द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, पार्षदगण संदीप ठाकुर, नरेंद्र यादव और आलोक राजपूत उपस्थित थे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि शिविर में नगरपालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर में डॉ अतुल सेठा, डॉ सपना बजाज जैन, डॉ श्रीकांत तिवारी, डॉ सिद्धार्थ रघुवंशी, महेश शर्मा, डॉ राहुल वर्मा द्वारा मरीजों की जांच की गई।

## हज को जाने वाले यात्रियों का हुआ इस्तकबाल और प्रशिक्षण




**जागरण, नर्मदापुरम।** अंजुमन माध्यमिक शाला सब्जी मंडी में अंजुमन मुजिदुल इस्लाम कमेटी द्वारा पवित्र और मुकद्दस हज यात्रा को जाने वाले समस्त हाजियों का इस्तकबाल किया गया। साथ ही एक प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित हुआ, जिसमे हाजी इस्माइल ने समस्त हज यात्रियों की मौजूदगी में हज के दौरान शुरु से लेकर आखरी तक होने वाली समस्त प्रक्रियाओं का व्याख्यान किया और हज के दौरान होने वाले अरकान (विधि) की अदायगी कैसे हो इस पर प्रकाश डाला। इस दौरान शहर के 7 हुज्जाजे किराम साबिर सिद्दीकी, हनीफ खान, रमजान खान, करीना आपा, मजीद मैडम, समीना खान, सितारा बी शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को बधाइयां दीं। इस दौरान कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए हमारे देश के नागरिकों को खिराजे अकीदत पेश की गई। दो मिनट का मौन रख कर गम का इजहार किया गया। इस अवसर पर शहर काजी अशफाक, हाफिज अलीम साहब, मुफ्ती शमीम अख्तर, फैजान उल हक, गुलाम मुस्तफा, रिजवान खान, शाकिर खान, रुवेज पठान, गुलाम अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दुकान में फंदे पर लटका मिला व्यापारी का शव

**जागरण, नर्मदापुरम।** बीटीआई क्षेत्र में एक लाईट एंड साउंड व्यवसायी का दुकान में शव लटका मिला। जानकारी अनुसार घटना बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे की है। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक का मोबाइल जब्त कर मर्ग कायम किया है। एफएसएल अधिकारी ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक की पत्नी शकीला खान ने राधिका टेंट हाउस के एक व्यक्ति और एक अन्य व्यक्ति पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं।

मृतक की पत्नी ने कहा मेरे पति आशिक लाइट एंड साउंड का काम करते थे। तीन दिन पहले एक मैरिज गार्डन में काम किया था। तब टेंट हाउस वालों ने उन पर चोरी का आरोप लगाकर गाड़ी की चाबी रख ली। पति इस बात से काफी दुखी थे। मैंने कहा था कि आप चिंता न करो। मैं खुद गाड़ी की चाबी लेकर आती हूं। वे घर से निकले और कुछ देर बाद पता चला कि उन्होंने फांसी लगा ली। जानकारी अनुसार पत्नी ने राधिका टेंट हाउस वाले के अलावा एक जित्तू नामक युवक पर रुपए देने के बावजूद परेशान करने का आरोप लगाया है। महिला ने कहा उन्होंने ने ही मेरे पति को फांसी लगाने पर मजबूर किया, उन पर भी कार्रवाई होना चाहिए। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक की पत्नी और उनके परिजन शव लेने से पहले प्रताड़ित करने वालों पर एफआईआर की मांग करने लगे। दोपहर 2:30 से 4 बजे तक परिजन शव पोस्टमार्टम में ही रखकर रखे। परिजनों के अलावा रिश्तेदार भी एकत्र हो गए। हंगामे और प्रदर्शन जैसी स्थिति न बने, जिसके लिए कोतवाली थाने से पुलिस फोर्स पोस्टमार्टम कक्ष के पास लगाया गया। कुछ देर बाद शव को परिजन ले गए।

## बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार



**जागरण, माखन नगर।** विगत 2 महीने से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी सरपंच पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी हेमंत निषोध ने बताया 6 फरवरी को कायम प्रकरण में दुष्कर्म के आरोपी नया मालनी निवासी जगदीश पिता राधेश्याम यादव को गिरफ्तार करने लगातार दबिश दी जा रही थी। बुधवार दोपहर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी जगदीश यादव को न्यायालय में पेश किया गया।

## सत्र पूर्ण कर हरिद्वार से पचमढ़ी पहुंचा 45 सदस्यीय जत्था



**जागरण, पचमढ़ी।** मां गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी के अध्यक्ष संदीप गुप्ता के नेतृत्व में 45 मां गायत्री परिजनों का जत्था 9 दिवसीय सत्र के लिए शांति कुंज हरिद्वार गया हुआ था। सदस्यों ने पचमढ़ी पहुंचकर बताया कि शांतिकुंज में 24000 गायत्री मंत्र के संकल्प के साथ 9 दिवसीय सत्र की शुरुआत की गई थी, जिसमें प्रतिदिन प्रातः 3 बजे उठकर स्नान आदि के पश्चात सर्वप्रथम माँ गायत्री आरती में शामिल होकर ध्यान, प्राणायाम, हवन के पश्चात प्रज्ञा गीत एवं प्रवचनों के माध्यम से गुरु जी का संदेश बताया।

उन्होंने बताया कि गुरुदेव कहते थे कि मुझे पूजे नहीं पढ़े क्योंकि मैं एक विचार हूं और मुझे आप लोग जन जन तक पहुंचाएं गुरु जी ने अपने जीवन काल में 3200 से अधिक पुस्तक लिखी। शांतिकुंज में 40 परिजनों ने गुरु जी के कार्य को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ गुरु दीक्षा प्राप्त की।

## नेशनल साइंस ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने जीता गोल्ड



**जागरण, नर्मदापुरम।** शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को नेशनल साइंस ओलंपियाड का परिणाम घोषित किया गया। इसमें कक्षा पांचवी की छात्रा खुशी गुप्ता, प्रांजल बेन और ईशान द्विवेदी ने गोल्ड मेडल जीते तथा ईशान द्विवेदी ने नेशनल साइंस ओलंपियाड के सेकंड राउंड के लिए भी क्वालीफाई किया। कक्षा छठवीं की छात्रा जानवी कुशवाहा तथा कक्षा सातवीं के छात्र स्पंदन कुमार कर ने भी गोल्ड मेडल जीते।

नेशनल साइंस ओलंपियाड परीक्षा का संचालन शाला के लाइब्रेरियन किशोर मलोसे द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य डॉ केएम जॉर्ज एवं शाला की उपप्राचार्या डा हेमलता पुरोहित ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एसएनजी स्कूल में विधिक जागरुकता शिविर संपन्न




**जागरण, नर्मदापुरम।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में एवं सचिव, न्यायाधीश विजय कुमार पाठक एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह की उपस्थिति में गत दिवस शासकीय एसएनजी हासे स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव/न्यायाधीश विजय कुमार पाठक द्वारा नालसा (नालसा पीडीतों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेंवाएं) योजना अंतर्गत नवयुवको, किशोरो, बालकों एवं छात्रों में ड्रग तस्करी एवं दुरूपयोग की असाधारण वृध्दी की रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया एवं किसी भी तरह के व्यसन ना करने की समझाइश दी गई। शिविर में बच्चों से संबंधित अपराध, पॉक्सो एक्ट, गुड-टच, बेड-टच, संवैधानिक अधिकार, मोटर व्हीकल एक्ट, एफ.आई.आर., मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, साइबर लॉ आदि कानूनो की जानकारी प्रदान की गई। पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, प्राधिकरण द्वारा संचालित उपयोगी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विद्यालय प्राचार्य संदीप शुक्ला, विद्यालय के शिक्षकगण, सुनीता मालवीय, स्टाफ, छात्र-छात्राऐं आदि उपस्थित रहें।

# अंडर 22 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में बैतूल की टीम ने हरदा को दी शिकस्त



**जागरण, नर्मदापुरम।** एमपीसीए ग्राउंड पर आयोजित अंडर 22 बालक वर्ग जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में दूसरा मैच बैतूल एवं हरदा के मध्य बुधवार को खेला गया। हरदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 38वें ओवर में 147 रनों पर ऑल आउट हो गई। हरदा की ओर से सर्वाधिक रन ध्रुव चौरे 53 और वंश जाट ने 23 रन बनाए। बैतूल की गेंदबाजी में तुषार परिहार 4 राज काले 4और सौरभ ढोले ने 2 विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैतूल की टीम ने मैच के 21 में ओवर में ही 5 विकेट खोकर 151 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। लक्ष्य वाईकर ने सर्वाधिक 62 और सौरभ ढोले ने 51 रन की पारी खेली। हरदा के बॉलर ऋषभ राठौर ने दो विकेट सुदर्शन ने दो विकेट एवं वंश जाट ने एक विकेट हासिल किया। दोहरे प्रदर्शन के लिए सौरभ ढोले को मेन ऑफ द मैच दिया गया। मैच में अंपायर फजल खान एवं विष्णु बोरासी एवं स्कोरर मनोहर बिल्थरिया रहे।

## 15 निर्माण कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**जागरण, सिवनी मालवा।** विधायक प्रेमशंकर वर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा 15 निर्माण कार्यो के लिए कुल 38 लाख 99 हजार 130 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। विधायक श्री वर्मा की अनुशंसा पर 15 निर्माण कार्य जिसमें विकासखण्ड सिवनीमालवा के ग्राम-छापरखेडा ग्राम पंचायत सोमलवाडा जं.पं. सिवनीमालवा इटारसी-धरमकुडी मुख्य मार्ग पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं. -3 नग-1 के लिए, ग्राम-नंदरवाडा ग्राम पंचायत नंदरवाडा ज.पं. सिवनीमालवा में बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, ग्राम-चौतलाय ग्राम पंचायत चौतलाय ज. पं. सिवनीमालवा में हनुमान मंदिर के पास यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, ग्राम बुंडाराकलां ग्राम पंचायत बुंडाराकला ज.पं. सिवनीमालवा बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, ग्राम-मालापाट ग्राम पंचायत मालापाट जं.पं. सिवनीमालवा बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, ग्राम-जीजलवाडा ग्राम पंचायत धरमकुडी ज.पं. सिवनीमालवा जीजलवाडा चौराहे पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, ग्राम-कोलगांव ग्राम पंचायत रीछी ज.पं. सिवनीमालवा में बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, विकासखण्ड नर्मदापुरम के ग्राम-निरखी ग्राम-पंचायत निरखी ज.पं. सिवनीमालवा में शिवपुर मार्ग कोठरा-निरखी चौराहे पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, ग्राम - धामनिया ग्राम-पंचायत धामनिया ज.पं. सिवनीमालवा बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, ग्राम पंचायत बिसौनीकलां बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, ग्राम- सोनखेडी ग्राम पंचायत रतवाडा ज.पं. सिवनीमालवा बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, विकासखण्ड नर्मदापुरम के ग्राम- बाईखेडी ग्राम-पंचायत बाईखेडी ज.पं. नर्मदापुरम बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, ग्राम डूडूगांव ग्राम पंचायत रोझडा ज.पं. नर्मदापुरम बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए, विकासखण्ड केसला के ग्राम धुरपन ग्राम-पंचायत धुरपन ज.पं. केसला बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 एवं ग्राम-कूकडी ग्राम-पंचायत मलोथर ज.पं. केसला इटारसी-धरमकुडी मुख्य मार्ग पर यात्री प्रतीक्षालय मॉडल नं.-3 नग-1 के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। उक्त सभी निर्माण कार्यो के लिए पृथक पृथक 2 लाख 59 हजार 942 रूपये, कुल 38 लाख 99 हजार 130 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## न्यूज कार्नर

### अवैध शराब विक्रय के 5 प्रकरण दर्ज

**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश में मंगलवार को आबकारी विभाग के दल ने मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने ग्राम हेमापुर, दोगली घाट, पचौला, रेलवा, बेडी तथा इन्दौर रोड पर स्थित राजपूत ढाबा में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 8 बीयर केन, 46 पाव देशी शराब, 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 170 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर कुल 5 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 21200 रुपये है।

### सेन जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी

**जागरण, हरदा।** सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज का 725 वा जन्मोत्सव 25 अप्रेल 2025 दिन शुक्रवार को हर्षोल्लाह से मनाया जाएगा। सभी सामाजिक भाई-बहनों से निवेदन किया गया है कि अपने-अपने प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से एक दिन बंद रखकर संत शिरोमणि सेन जी महाराज के जन्म उत्सव को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाएं। सुबह 7 बजे गुप्तेश्वर मंदिर में संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज का अभिषेक, पूजा, आरती एवं प्रसाद भोग लगाकर शाम 4 बजे नेहरू पार्क से गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा में शामिल हों।

### भाकिसं ने आतंकवाद का पुतला फूंका

**जागरण, हरदा।** भारतीय किसान संघ जिला हरदा द्वारा बलराम चौक पर हरदा जिला प्रभारी सर्वग्य दिवान एवं संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा के नेतृत्व में कश्मीर में हुए नरसंहार के विरोध में पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया ओर शासन से इस पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। संगठन द्वारा संगठनात्म विषयों पर चर्चा की और खिरकिया मंडी में अव्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। प्रशासन से मांग की गई कि खिरकिया मंडी में अधिनियम के हिसाब से व्यापारियों द्वारा मंडी प्रांगण में भुगतान किया जाय। साथ ही नीलामी शेड में व्यापारियों की उपज को हटाया जाय। एक अतिरिक्त बड़े प्लेट कांटे की मांग के साथ ही नगद भुगतान मंडी प्रांगण में किया जाने की भी मांग की। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, मंत्री विजय मलगाया, योगेंद्र भांभू, शैतान सिंह राजपूत, नरेंद्र दोगने, विनोद पाटिल सहित सभी तहसीलों के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### परिषद ने फूंका आतंकवाद का पुतला



**जागरण, टिमरनी।** अभाविप ने आतंकवाद पाकिस्तान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अरविंद गुर्जर ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं संतापजनक है। हम घटना में मृत हुए सभी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। यह हमला देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने का दुःसाहस है। सभी राजनीतिक दल व संस्थाओं को सारे मतभेदों से ऊपर उठकर इसकी भर्त्सना करनी चाहिए। सरकार सभी पीड़ितों व उनके परिवारों की सहायता की आवश्यक व्यवस्था करे तथा सरकार इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करने हेतु शीघ्र उचित कदम उठाए।

### राजस्थान सरकार का पुतला दहन किया

**जागरण, हरदा।** गो एवं गौशाला उत्थान संघ एवं गो रक्षकों द्वारा आज नगर के परशुराम चौक पर राजस्थान सरकार का पुतला दहन किया बिगत दिवस राजस्थान के नागौर मेले से 52 ट्रैकों द्वारा 400 गोवंश ठुस ठुस भरकर महाराष्ट्र बूचड़खानों में ले जाया जा रहा था इससे पहले भी 100 ट्रक पकड़े गए थे इन्हें सुरक्षित गौरक्षकों ने गौशाला में पहुंचाया संगठन के अनिल गीते में बताया कि राजस्थान में लगे वालों मेलो को तुरंत बंद किया जाए इन मेलों से किसानों के नाम पर गोवंश को तस्कर बूचड़खाने ले जाते गोरक्षा दल के शाश्वत सोनी ने सरकार से मांग रखी है इन इन आरोपियों को सखत से सख्त सजा मिले यह काम सरकार के संरक्षण में हो रहा है जिससे गोरक्षकों में भारी रोश है।

---

#### जियोस के चुनाव में हरदा नपा से भाजपा की रीना, कांग्रेस से अहद खान की जीत

# भाजपा की बहुमत वाली परिषद को कांग्रेस ने दिया जोर का झटका





**जागरण, हरदा।** हरदा नगर पालिका में भाजपा की बहुमत वाली पार्टी को जिला योजना समिति के चुनाव में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के पास 24 पार्षदों का समर्थन होने के बावजूद दो में से एक उम्मीदवार हार गया। कांग्रेस के प्रत्याशी अहद खान ने भाजपा के मनोज महलवार को एक वोट से हरा दिया। भाजपा के आठ पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की, जिनमें से चार ने दोनों भाजपा उम्मीदवारों को वोट ही नहीं दिया।

### जियोस के लिए नपा से दो सीटों के लिए तीन उम्मीदवार

जियोस के चुनाव में नगर पालिका से दो सीटों पर तीन उम्मीदवार मैदान में थे। बीजेपी की ओर से रीना प्रजापति और मनोज महलवार, जबकि कांग्रेस से अहद खान मैदान में थे। कुल 35 में से 24 बीजेपी, 10 कांग्रेस और 1 निर्दलीय पार्षदों ने वोटिंग की। हर पार्षद को दो वोट डालने थे। गिनती में रीना को 20, अहद को 18 और महलवार को 17 वोट मिले।

### संगठन और शीर्ष नेतृत्व पर उठे सवालिया निशान

भाजपा की झोली में जीत होने के बावजूद भाजपा के एक उम्मीदवार को मिली जीत व एक उम्मीदवार मिली हार। परिणाम आने के बाद से ही इसको लेकर शहर में चर्चा बनी रही। चुनाव में भाजपा संगठन व नेतृत्व पर भी सवालिया निशान लगाये गये है, कि आखिर भाजपा की बहुमत वाली परिषद में भाजपा के दो उम्मीदवारों में से एक को 20 तथा दूसरे को 17 वोट कैसे मिले। संगठन को जानना होगा कि इस अंतर का क्या मायने है।

### जियोस के कुल 10 सदस्यों का निर्वाचन संपन्न

जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया बुधवार को संपन्न हुई। संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा ने बताया कि जिला पंचायत सदस्यों में से 7, नगर पालिका हरदा से 2 और नगर परिषद टिमरनी, खिरकिया और सिराली के पार्षदों में से कुल 1 सदस्य आज निर्वाचित हो गए। उन्होंने बताया कि जिला योजना समिति हरदा के लिए ग्रामीण क्षेत्र से गजेन्द्र शाह, दर्शन सिंह गहलोद, ललित पटेल, श्रीमती रेखा नानकदास बडोदिया, श्रीमती जयश्री लीलाधर बांके, श्रीमती कविता सुमित शर्मा एवं कमलेश सेजकर निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र हरदा से श्रीमती रीना प्रजापति और अहद खान तथा नगर परिषद क्षेत्र टिमरनी-खिरकिया-सिराली क्षेत्र से सुनील दुबे निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

---

#### बंटेगे तो कटेंगे तथा एक है तो सैफ है के नारे लगाये गये

# हिन्दुओं की निर्मम हत्या के विरोध में हिंदु संगठन ने निकाली आक्रोश रैली




**जागरण, हरदा।** पहलगाम में इस्लामी जिहादियों द्वारा हिन्दुओं का धर्म पूछकर की गई हत्याओं के खिलाफ आज शाम हिन्दू संगठन, बजरंग दल तथा व्यापारी संघ एवं हिन्दू सनातियों के द्वारा स्थानीय परशुराम चौक से आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में हिन्दू के समस्त समाज द्वारा तथा व्यपारियों द्वारा भाग लिया गया। रैली के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ नारे बाजी की तथा बंटेगे तो कटेंगे तथा एक है तो सैफ है के नारे लगाये गये। रैली प्रमुख बाजार से होते हुए घंटाघर चौक पर पहुंचकर समापन हुआ तथा आम सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। जहां वक्ताओं द्वारा हिन्दू को जागृत कर इस्लामिक जिहादियों के खिलाफ मजबूती के साथ खड़े होने की बात कही गई। जिसके पश्चात दो मिनिटि का मौन पहलगाम में मारे गये हिन्दूओं के लिए श्रद्धांजलि दी गई। जिसके पश्चात बजरंग दल द्वारा इस्लामिक जिहादियों का पुतला जलाया गया तथा नारेबाजी की गई।

### महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

स्थानीय घंटाघर चौक पर आक्रोश रैली के समापन तथा श्रद्धांजलि सभा के पश्चात पर विश्वहिन्दू परिषद तथा बजरंगदल द्वारा जिला प्रशासन की तरफ से उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी भगवान दास तमखानिया को महामहिम राष्ट्रपति के नाम पहलगाम में हुये इस्लामिक जिहादी आतंकी हमले के विरोध में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन का वाचन हिन्दू परिषद के गिरजाशंकर द्वारा किया गया। सौंपे गये ज्ञापन में लेख किया है कि कल दिनांक 22/04/2025 की दोपहर में जम्मू कश्मिर जो कि भारत का अभिन्न अंग है। वहाँ के पहलगाम कस्बे में इस्लामिक आतंकवाद से प्रेरित जिहादियों द्वारा भारत के विभिन्न प्रांतो से पर्यटक के तौर पर परिवार सहित लोगों को जो निहत्थे थे और वादियों का आनंद ले रहे थे, जिन्होने सपने भी नही सोचा होगा कि उन लोगो के साथ इस्लामिक जिहादियो द्वारा ऐसी निद्रयतापूर्वक उन लोगों कि हत्या कर देगें। पहलगाम के अन्दर इन जिहादियों ने सभी का धर्म पूछा, इस्लाम का कलमा पडने को कहा, कपडे उतारो ऐसी सोच रखकर देश के नागरिको को गोलियों से छल्नी कर हत्या की गई है। पूर्व में भी कश्मीर में टारगेट किलिंग में हिन्दू सनातनियों की हत्या की जाती रही हैं। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, अगर जिहादियों की सोच है कि वहाँ से हिन्दू सनातनियों को डरा-धमका कर सरिया कानून के अनुसार इस्लामिक स्टेट बना लेगे तो यह सरासर गलत फहमी पाले हुये हैं। जो भारत वर्ष कि अमिस्ता से खिलवाड करेगा, उसे किसी कीमत में भी वक्शा नही जायेगा और उसे उचित स्थान पर भेज दिया जायेगा।

### कन्या विवाह योजना में वधू के खाते में जमा होंगे 49 हजार रुपए

**जागरण, हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी दी गई है। इस योजना के अंतर्गत अब कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हों, साथ ही इनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन के लिये संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से कैलेण्डर जारी कर सामुहिक विवाह निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। संभागवार जिलों मे आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोडों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की निर्धारित की गयी है। योजना में सामूहिक विवाह सम्मेलनों में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पूर्व अनुसार निकाय स्तर पर की जायेगीं। पात्र-अपात्र एवं समग्र पोर्टल पर वर-वधू की आधार ई केवायसी अनिवार्य होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिये शासन की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सार्थक बनाने का प्रयास करते हुये आयोजन में जन प्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर समाज के संपन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

---

#### सेन पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो संपूर्ण कर्मचारी पूर्ण रूप से हड़ताल करेंगे

# सीएमओ के पक्ष में उतरे कर्मचारी, कार्रवाई को गलत बताया, सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



**जागरण, खिरकिया।** दिन मंगलवार को नगर पालिका मुख्य अधिकारी आत्माराम सांवरे पर लोकायुक्त की टीम ने कार्रवाई की थी। उक्त कार्रवाई को लेकर नगर परिषद कर्मचारियों ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम अशोक कुमार डहेरिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भगवान दास सेन के द्वारा झूठी कार्रवाई कर लोकायुक्त टीम से केस बनवाया गया है। उन्होंने अपने ज्ञापन में बताया कि सीएमओ कक्ष में भगवान दास सेन जबरदस्ती आफिस में घुसकर साहब का हाथ पकड़ कर पैसे रखे थे और लोकायुक्त टीम को बुलाकर जबरदस्ती कार्यवाही कराई। कर्मचारियों ने कहा कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर हो रही कार्रवाई को निरस्त की जावे और झूठी कार्रवाई किए जाने के संबंध में भगवान दास सेन पर कठोर कार्रवाई की जाए।

अगर कार्रवाई नहीं की जाती है तो संपूर्ण कर्मचारी पूर्ण रूप से हड़ताल करेंगे जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।

### ऑडियो रिकॉर्ड कर सत्यापन किया गया

नगर पालिका कार्यालय में लोकायुक्त की टीम ने छापा मारकर सीएमओ एआर सांवरे को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। भगवानदास सेन ने बताया मेरी पत्नी के नाम से मकान है, 7 महीने से नगर पालिका द्वारा परमिशन नहीं दी जा रही थी ओर मकान बनाने की परमिशन के बदले 45000 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। मेरे द्वारा लोकायुक्त एसपी भोपाल को विधिवत शिकायत की गई, इसके बाद लोकायुक्त पुलिस के मार्गदर्शन में सांवरे से की गई बातचीत को दिनांक 15 अप्रैल को विधिवत ऑडियो रिकॉर्ड कर सत्यापन किया गया, तत्पश्चात एफआईआर काटने के बाद 5000 रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

### सीएमओ पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए



**जागरण, हरदा।** खिरकिया नगर परिषद के सीएमओ आत्माराम सांवरे को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। लोकायुक्त टीम ने सीएमओ को मंगलवार को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। मामला भगवानदास सेन की शिकायत पर आधारित था। उन्होंने आरोप लगाया था कि सीएमओ ने मकान बनाने की अनुमति के लिए रिश्वत मांगी थी, लेकिन अब भीम आर्मी और एससी-एसटी युवा संघ ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। दोनों संगठनों ने संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार नागू को ज्ञापन सौंपा है। एससी-एसटी युवा संघ के अध्यक्ष राहुल पवारे और भीम आर्मी के संभागीय अध्यक्ष महेंद्र काशिव का कहना है कि यह एक षड्यंत्र है। उनका आरोप है कि शिकायतकर्ता भगवानदास सेन के बेटे करण सेन के खिलाफ आवास योजना में पैसे लेने की शिकायतें आ रही थीं। इसी वजह से सीएमओ ने करण को आवास संबंधी शाखा से हटा दिया था। इसका बदला लेने के लिये यह सब खेल खेला गया है।

### इनका कहना है

सीएमओ आत्माराम सांवरे ने बताया कि शिकायतकर्ता भगवान दास सेन का बेटा आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में पीएम आवास शाखा में कार्यरत था, जिसकी बार-बार शिकायत मिलने पर उसे शाखा से हटा दिया गया। इसके बाद भगवान दास सेन ने झूठी शिकायत कर मुझे फसाया है। मैंने कोई रिश्वत नहीं मांगी थी।

---

# अक्षय तृतीया पर 50 से अधिक जोड़ों का विवाह होगा



### पूजन-अर्चन के साथ तैयारियां शुरू

**जागरण, टिमरनी।** श्री आदर्श यदुवंशी समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन दिनांक 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर ग्राम नयागांव तहसील टिमरनी में किया जा रहा है। इस आयोजन में 50 से अधिक जोड़े विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर 23 अप्रैल बुधवार को विवाह स्थल नयागांव में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के उपरांत पूजन-अर्चन कर विधिवत रूप से तैयारियों का शुभारंभ किया गया, जिसमें पंडाल, मंच निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं के कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं।

### विधि-विधान से विवाह संपन्न होंगे

पंडितों द्वारा विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया जाएगा।

सभी वर-वधुओं एवं समाजबंधुओं से समय पर विवाह स्थल पर पहुंचने की अपील की गई है, ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और समयबद्ध रूप से सम्पन्न हो। यह आयोजन सभी सामाजिकजनों के सहयोग, समर्पण और समर्थन से संभव हो रहा है, जो यदुवंशी समाज की एकजुटता और सेवा भावना का प्रतीक है। श्री आदर्श यदुवंशी समाज ने समाज के समस्त सदस्यों और समाजजनो से सपरिवार उपस्थित होकर नवदंपतियों को आशीर्वाद देने का निवेदन किया है।

# हाट बाजार में महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**जागरण, हरदा।** ग्राम गहाल गांव में एक 23 वर्षीय महिला के साथ हाट बाजार में छेड़छाड़ की गई। आरोपी ने विरोध करने पर महिला के पति की भी पिटाई कर दी। घटना मंगलवार को सिराली थाना क्षेत्र में हुई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वो अपने पति के साथ हाट बाजार में घरेलू सामान खरीदने गई थी। जब वो मिर्ची खरीद रही थी और उसके पति दूर थे, तभी गणेश नामक एक युवक अपने साथियों के साथ वहां आया और बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। जब महिला ने विरोध किया और पति को फोन करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसका कंधा पकड़कर झटका दिया। इस दौरान उसका मोबाइल गिर गया।

### बचाने गये पति के साथ भी की मारपीट

पत्नी की आवाज सुनकर जब पति मौके पर पहुंचे, तो गणेश और उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट की। पति के सिर में चोटें आई और खून निकलने लगा।

आरोपियों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# रंगोली, चित्रकला, निबंध लेखन प्रतियोगिता संपन्न




**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त कार्ययोजना अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के तहत बुधवार को शासकीय कन्या शाला और जिला जेल हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर व रंगोली, चित्रकला तथा निबंध लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने नशामुक्ति विषय पर रंगोली, चित्रकला एवं निबंध लेखन किया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। जिला जेल हरदा में बंदियों को भी नशा सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान की गई और नशा न करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने नालसा नशा पीडितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं योजना के उपबंधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया गया कि नशा न सिर्फ समाज के लिए घातक है, बल्कि उस व्यक्ति और उस परिवार के लिए भी घातक है, जो उससे प्रभावित होता है इसलिए नशे से दूर रहना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने इस दौरान पॉक्सो एक्ट, मप्र पीडित प्रतिकर योजना 2015, निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी प्रदान दी। साथ ही नशीले पदार्थों का सेवन ना करने तथा अपने घर तथा अपने मित्रों तथा अधिक से अधिक लोगों को इस विषय पर जानकारी देने हेतु प्रोत्साहित किया।

# सैनिक कल्याण के लिए झंडा निधि में लक्ष्य से दो गुनी राशि जमा करने पर हरदा कलेक्टर सम्मानित

**जागरण, हरदा।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि की राशि लक्ष्य से अधिक जमा करने पर प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को सम्मानित किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने इस कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर जनसहयोग से लक्ष्य से अधिक राशि का संग्रहण एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने लक्ष्य से अधिक सहयोग राशि का संग्रहण करने वाले संभागायुक्तों और कलेक्टर्स के प्रयासों की सराहना की तथा सहयोगकर्ताओं का अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि हरदा जिले को सशस्त्र सैनिकों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा निधि के लिए वर्ष 2023-24 में कुल 2.50.800 रूपये जमा कराने का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया था। इस लक्ष्य के विरूद्ध 226 प्रतिशत राशि अर्थात लगभग 5.67.048 रूपये जमा कराने पर हरदा जिला प्रदेश में जिला तृतीय स्थान पर रहा है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने इस अवसर पर बताया कि हरदा जिला झंडा दिवस निधि के लिये लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण के मामले में पिछले 10 वर्षों से लगातार प्रदेश में प्रथम तीन जिलों में शामिल रहकर यह सम्मान प्राप्त करता रहा है।

## न्यूज कार्नर

### बच्चों को बांटी विटामिन सी वाली आइस्क्रीम



**जागरण, इटारसी।** न्यास कॉलोनी स्थित अंग्रेजी माध्यम के स्कूल साईं विद्धा मंदिर में बुधवार को भीषण गर्मी के चलते बच्चों को उनकी पसंदीदा विटामिन सी से भरपूर आरेंज आइसक्रीम खिलाई गयी। साईं विद्या मंदिर स्कूल के संचालक आलोक गिरोटिया ने बताया कि अध्ययन के साथ साथ खेल और खेल के साथ आइस्क्रीम खाकर बच्चों ने आज के दिवस का भरपूर आनंद उठाया। श्री गिरोटिया ने बताया अप्रैल माह में तापमान वृद्धि को देखते हुये और ग्रीष्म अवकाश से पूर्व होम एक्टिविटीज का शेड्यूल जारी किया गया साथ ही रोचक गतिविधियां कराई जा रही हैं।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जागरण, इटारसी।** धोखेड़ा रोड पर सोटा चिकली ग्राम निवासी 20 वर्षीय विकास लविश्कर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में वह बुरी तरह घायल हो गया था। जिसका उपचार भोपाल में जारी था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### बुजुर्ग से मारपीट

**जागरण, इटारसी।** समीपस्थ ग्राम मेहरागांव निवासी 74 वर्षीय श्रीराम सोनी के साथ बाबू पटेल द्वारा मारपीट की गई। बताया जा रहा है कि उनके बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उसी के चलते आरोपी ने बुजुर्ग के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

### लाइन एरिया में आए दिन लग रहा जाम

**जागरण, इटारसी।** लाइन एरिया में दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध होने के बावजूद भी भारी वाहन आते हैं और जाम की स्थिति पैदा करते हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न होता है। कई बार इन भारी वाहनों की वजह से दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं, जिससे जान-माल की हानि होती है। प्रशासन को भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से नियमों का पालन कराना चाहिए और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

### पंजाबी मोहल्ला से बाइक चोरी

**जागरण, इटारसी।** पंजाबी मोहल्ला स्थित हाजी मंजिल के सामने खड़ी बाइक पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि मोहरी ग्राम निवासी 29 वर्षीय अरूण यादव द्वारा उक्त क्षेत्र में अपनी बाइक खड़ी की गई थी। कुछ देर बाद जब उसने देखा तो बाइक जगह से गायब मिली, काफी खोजबीन के बाद भी जब सफलता नहीं मिली तब उसने सिटी थाना में शिकायत की है। पुलिस ने अज्ञात चोरों पर प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सनखेड़ा फोरलेन पर एप्रोच रोड नहीं होने से हो रहीं दुर्घटनाएं

# एप्रोच सड़क की मांग पर विधायक ने दिया धरना, आश्वासन के बाद चक्काजाम निरस्त

**जागरण, इटारसी।** सनखेड़ा फोरलेन पर एप्रोज सड़क की मांग को लेकर बुधवार को सोहागपुर विधानसभा के भाजपा विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने धरना दिया, जिसके बाद अधिकारियों के आश्वासन पश्चात चक्काजाम निरस्त कर दिया गया।

मालूम हो कि सोहागपुर विधानसभा के सनखेड़ा फोरलेन पर ग्रामीणों के आवगमन के लिये एप्रोज सड़क नही होने से दुर्घटनाएं हो रही है। कई बार भाजपा विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने ग्रामीणों की मांग पर एनएचआई विभाग से सर्विस रोड की मांग की जा रही थी। लेकिन विभाग के अधिकारियों की तरफ से विधायक को संतोषजनक जवाब नही मिल रहा था।

विधायक विजयपाल सिंह ने धरना एवं चक्काजाम करने की सूचना एक दिन



पूर्व जिला प्रशासन को लिखित में दी थी। आज सैकड़ो ग्रामीण और अपने समर्थकों के साथ विधायक सनखेड़ा स्थित फोरलेन पर धरने वाले स्थान पर पहुंचे और माइक से धरना स्थल पर उपस्थित अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाई।

विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि जब से फोरलेन का निर्माण शुरू हुआ था उस समय से एनएचआई के अधिकारी लगातार हमसे कहते आ रहे है कि सनखेड़ा फोरलेन के दोनों तरफ एप्रोज सड़क बनाई जायेगी। लेकिन सड़क बनाना तो दूर 15 दिन पूर्व कुछ एनएचआई अधिकारियों की तरफ से विधायक को एक पत्र प्राप्त हुआ उसमें लिखा था कि एप्रोज सड़क नहीं बनाई जायेगी। जिसके बाद विधायक ठाकुर विजयपाल ने चिंता व्यक्त करते हुये आज धरना और चक्काजाम करने का कदम उठाया।

पहलगाम में बड़ी आतंकी घटना होने के बाद विधायक ने चक्काजाम निरस्त किया। अधिकारियों ने कहा कि 30 दिनों में सड़क की स्वीकृति मिलने पर सड़क का निर्माण कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर आशुतोष शरण तिवारी, जयकिशोर चौधरी, बहादुर चौधरी, शिवकिशोर रावत, गोलू मालवीय, राजा तिवारी, भगवती चौरे, कुलदीप रावत सहित अन्य भाजपा नेता धरना स्थल पर उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ ने हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**जागरण, इटारसी।** जम्मू कश्मीर राज्य के पहलगाम में हुये आतंकीय हमले में मारे गए निर्दोष मासूम शहीदों को श्रद्धांजलि के लिए अधिवक्ता संघ इटारसी द्वारा अधिवक्ता कक्ष इटारसी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

सभा में अधिवक्ता संघ इटारसी के पूर्व अध्यक्ष रघुवंश पांडे, पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, अरविंद गोयल व संघ के वर्तमान अध्यक्ष रमेश राजपूत, सचिव पारस जैन, उपाध्यक्ष मनीष बाजपेई, श्रीमती ममता नागेश, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे एवं अधिवक्ता संघ इटारसी के सदस्य उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में सभी अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक मासूमों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अधिवक्ता संघ की ओर से एक शोक प्रस्ताव पारित कर कायरता पूर्ण आतंकी हमले की निंदा कर व देश के प्रधानमंत्री को आतंकवादियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई करने निवेदन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में संघ के वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी अधिवक्ता संघ इटारसी के प्रवक्ता विनोद भावसार एडवोकेट ने दी।

## यादव समाज की नई कार्यकारिणी के लिए 27 अप्रैल को होंगे निर्वाचन

**जागरण, इटारसी।** श्रीकृष्ण यादव समाज कल्याण समिति इटारसी द्वारा तीन वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन निर्वाचन द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई है। आगामी 27 अप्रैल को श्रीयादव भवन पर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी।

इस संबंध में निर्वाचन अधिकारी विमल सीरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीकृष्ण यादव समाज कल्याण समिति, इटारसी, जिला नर्मदापरम के त्रैवार्षिक निर्वाचन अर्थात नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन की अधिसूचना 7 अप्रैल को जारी की गई।

समिति द्वारा सर्व यादव समाज के सभी सदस्यों को जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी श्री सीरिया ने बताया कि संस्था के नियम अनुसार समिति की मतदाता सूची तैयार कर निर्वाचन स्थल श्रीयादव भवन, गोपाल नगर सूरजगंज पर प्रकाशित की गई। जिसके बाद सदस्यों ने मतदाता सूची का अवलोकन किया। दावे आपत्ति का निराकरण बाद 15 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। निर्वाचन अधिकारी श्री सीरिया ने बताया कि मतदाता सूची के प्रकाशन अनुसार आगामी 27 अप्रैल को निर्वाचन स्थल श्रीयादव भवन पर प्रातः 10 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## शराब दुकान खुलने का पार्षद एवं नागरिकों ने किया विरोध

**जागरण, इटारसी।** शहर में बुधवार को न्यास कॉलोनी रोड स्थित जगदम्बा मैरिज गार्डन के पास खुलने वाली शराब दुकान का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। वार्ड के पार्षदों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध दर्ज कराया है।

पार्षद संजय ठाकुर ने बताया कि प्रस्तावित शराब दुकान के आसपास तीन शैक्षणिक संस्थान, दो मैरिज गार्डन और साईं बाबा मंदिर स्थित हैं। यहां रोजाना सैकड़ों लोग सैर के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र में अशांति फैलेगी और स्कूली बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन में निजी स्कूल संचालक भी शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने शराब दुकान के विरोध को क्रमबद्ध तरीके से जारी रखने की बात कही। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, नगर अध्यक्ष मयूर जैसवाल, राजकुमार उपाध्याय, प्रवीण गांधी, चंदू दुबे, अमल सरकार और प्रतीक मालवीय मौजूद थे। पार्षद मंजीत कलोसिया, मोनी चंद्रवंशी और अभिषेक साहू भी प्रदर्शन में शामिल हुए। निजी स्कूलों की ओर से अजय चौकसे, नीलेश जैन और जाफर सिद्दीकी सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

## नगर कांग्रेस ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में की निंदा, श्रद्धांजलि अर्पित की




**जागरण, इटारसी।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले देश के नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कांग्रेस द्वारा यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम पुरानी इटारसी स्थित आजाद चौराहे पर आयोजित किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों के साथ ही आमजन ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है।

### भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

भाजपा द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को इटारसी के जयस्तंभ चौक पर श्रद्धांजलि दी गई। शाम 7 बजे जयस्तंभ चौक पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित शहर के वरिष्ठ नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं सहित शहर के नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि निर्दोषों को निशाना बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। यह अमानवीय कृत्य घोर निंदनीय है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने डॉ केएस उप्पल, वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष डॉ वीके सीरिया, वरिष्ठ नागरिक संघ के संरक्षक डॉ अनिरुद्ध शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्रामीणों को वन विभाग की आजीविका से जोड़ने की पहल, आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

**जागरण, इटारसी।** आदिवासी विकासखंड केसला के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में युवाओं को आजीविका से जोड़ने और उन्हें स्वयं आत्मनिर्भर बनाने के लिए वन विभाग एवं एलएंडटी कंपनी के द्वारा सार्थक प्रयास किया जा रहा है ताकि ग्रामीण युवा आजीविका से जोड़कर आत्मनिर्भर बन सके।

शहर में सामान्य वन विभाग कार्यालय के द्वारा संचालित बागदेव चौकी परिसर में बुधवार को 11 बजे से ग्रामीण युवाओं को आजीविका से आत्मनिर्भर बनाने संबंधी कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से नर्मदा पुरम सामान्य वन मंडल अधिकारी मानसिंह मरावी एलएनटी कंपनी के स्टेट कोऑर्डिनेटर कमल चंद्रवंशी रेंजर महेंद्र कुमार गौर बागदेव वन चौकी प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। आदिवासी विकासखंड केसला के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र से आए लगभग 65 युवाओं को आजीविका से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही उन्हें मध्य प्रदेश के बालाघाट स्थित वन विभाग एवं हैदराबाद के एक संस्थान में आजीवीका संबंधी प्रशिक्षण दिए जाने की बात भी एलएंडटी के स्टेट कोऑर्डिनेटर द्वारा बताई गई है। इसके साथ ही वन मंडल अधिकारी मानसिंह मरावी के द्वारा आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को एक अच्छे नागरिक बनकर आजीविका से स्वयं को जोड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए अनेक जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में आदिवासी केसला विकासखंड के अंतर्गत आने वाले रानीपुर, चंदखार, बटीकुई, छीपाखापा, जामई, कीरतपुर, सहेली, नजरपुर आदि क्षेत्र के युवाओं ने कार्यशाला में उपस्थित रहकर आजीविका से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां ली।

मालूम हो कि मध्यप्रदेश में वन विभाग एवं एलएंडटी कंपनी के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2015 से प्रदेश के विभिन्न जिलों में ग्रामीण युवाओं को आजीविका से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मूक बधिर को मुस्कान संस्था में मिलेगा परामर्श

**जागरण, इटारसी।** मंगलवार की रात्रि को पुलिस द्वारा एक मूक बधिर बच्ची को मुस्कान संस्था में लाया गया है। जहां उसे विशेष शिक्षक से परामर्श दिलाया जाएगा। संस्था संचालक मनीष ठाकुर ने बताया कि मुस्कान संस्था उसे सुरक्षित और सहायक वातावरण प्रदान करेगी और विशेष शिक्षक उसकी अनूठी जरूरतों को समझने और संबोधित करने में सक्षम होंगे।

यह कार्रवाई बच्ची के कल्याण के प्रति संवेदनशीलता और उसकी विशेष आवश्यकताओं को पहचानने के महत्व को दर्शाती है। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि उम्मीद है कि यह परामर्श बच्ची को भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से ठीक होने और आगे बढ़ने में मदद करेगा।

### राजस्व भूमि दस्तावेज में भूमिपुत्र पुत्री अंकित हो

**जागरण, इटारसी।** राजस्व कंप्यूटर रिकॉर्ड में मालिक स्वामी नाम के स्थान पर जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए भूमिपुत्र पुत्री अंकित करने को लेकर नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को एसडीएम कार्यालय में बुधवार को ज्ञापन दिया गया।

**आवश्यकता है**

**नर्मदा अपना अस्पताल** में निम्न पदों पर टेक्निशियन की आवश्यकता है।

1) 02 लैब टेक्निशियन
2) 02 सिटी, एमआरआई एवं एक्स-रे टेक्निशियन
3) सैलरी योग्यता अनुसार

संपर्कः
नर्मदा अपना हॉस्पिटल, नर्मदापुरम
मोबा. 9329142535, 9770284139

### 58 खिलाड़ियों का दल खेलों के लिए रवाना

**जागरण, इटारसी।** केंद्रीय विद्यालय संगठन भोपाल संभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के लिए 24 से 26 अप्रैल पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय 2 की टीम रवाना हुई जिसमें हॉकी 17 बालक के 14 खिलाडी केवि 1 ग्वालियर, हॉकी 17 बालिका के 12 खिलाड़ी केवि नं 3 ग्वालियर, योग के 10 खिलाडी केवि नं 2 ग्वालियर, योग बालिका के 15 खिलाडी केवि नं. 1 इंदौर तथा तीरंदाजी के 7 खिलाड़ी केवि महू के लिए 23 अप्रैल को रवाना हुए। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के खेल प्रभारी अभिषेक संतोरे ने दी।

## पृथ्वी दिवस पर बच्चों को किया जागरूक

**जागरण, इटारसी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर गंगा जल संवर्धन तथा इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, कविता पाठ एवं जागरूकता रैली जैसे रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने पेड़-पौधों, नदियों, जलवायु एवं प्रकृति के संरक्षण को केंद्र में रखकर अपने विचारों को कला के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस दौरान पीरामल फाउंडेशन के जिला समन्वयक शिवम कुमार ने छात्रों को पर्यावरणीय चेतना के महत्व को समझाते हुए बच्चों को मिशन लाइफ के तहत सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधान पाठक महेश रायकवार द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे जीवनभर पर्यावरण की रक्षा के लिए सजग और सक्रिय रहेंगे। विद्यालय के प्राचार्य सतीश खलको ने पृथ्वी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पर्यावरण का संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने सभी को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण हितैषी कदम उठाने की प्रेरणा दी।




**तैयारी** | अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन 27 को, 20 से ज्यादा जिलों के युवक-युवती होंगे शामिल

# उपयुक्त जीवन साथी तलाशने दो सैकड़ा से ज्यादा युवक-युवती सम्मेलन में मंच से देंगे अपना परिचय

### वक्त बदलने के साथ ही संबंध कराने के समाजसेवी प्रयासों की सूरत भी बदली हैः गोयल

**जागरण, इटारसी।** अग्रवाल समाज इटारसी की प्रतिनिधि संस्था तरुण अग्रवाल मंडल इटारसी द्वारा 1998 से जारी और निरन्तर सातवें वर्ष में 27 अप्रैल को विराट अखिल भारतीय निःशुल्क अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में अग्रवाल महिला मंडल, अग्रवाल बहूरानी मंडल, अग्रवाल युवक दल और अग्रवाल महासभा भी सहयोग कर रहे हैं। युवक युवती परिचय सम्मेलन का उद्देश्य अग्रवाल समाज के युवाओं को विवाह के लिए एक परिचय मंच प्रदान करना है, जहां वे एक दूसरे से मिल सकें और अपने लिए उपयुक्त जीवन साथी ढूंढ सकें। इस बार यह आयोजन द पार्क रिसोर्ट एंड गार्डन में आयोजित होगा।

परिचय सम्मेलन के संयोजक राजेश आरबी अग्रवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि निरंतर आयोजन का यह यह सातवां वर्ष है। इटारसी में आयोजित होने वाले इस परिचय सम्मेलन में आसपास के 20 से ज्यादा जिलों के विवाह योग्य युवक



युवती व उनके पेरेंट परिचय करने के लिए आते है। मंडल अध्यक्ष सुरेश गोयल ने बताया कि वक्त बदलने के साथ ही संबंध कराने के समाजसेवी प्रयासों की सूरत भी बदली है। परिचय पुस्तिका समिति संयोजक संजय हरगोविंद ने बताया कि इस बार की पुस्तिका में लगभग 400 युवतियों और 600 युवकों के परिचय उनके पेरेंट्स की अनुमति और इच्छा से प्रकाशित किए जा रहे हैं। मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक हरिनारायण ने विस्तार से बताया कि सम्मेलन के लिए हमने 10 से ज्यादा समितियां बनाई है है। जिसमें पत्रिका समिति, आयोजन स्थल समिति, पत्रिका विक्रय समिति, कूपन समिति, प्रचार प्रसार समिति, रजिस्ट्रेशन समिति, मंच संचालन समिति आदि बनाई गई हैं। परिचय सम्मेलन में कोई भी पंजीयन शुल्क नहीं लिया जा रहा है। यह सुबह 10 बजे से शुरू होगा जो शाम 6 बजे तक निरंतर जारी रहेगा। मंडल सचिव गुलाबचंद अग्रवाल ने बताया कि उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा संयुक्त रूप से होंगे। विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष पंकज चौरे होंगे। अध्यक्षता भोपाल के उद्योगपति विपिन अग्रवाल होंगे। प्रेस वार्ता की प्रासंगिकता पर पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत अग्रवाल ने प्रकाश डाला। वरिष्ठ समाजसेवी विश्वनाथ सिंघल, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, सहसंयोजक प्रशांत अग्रवाल, प्रवक्ता संजय शिल्पी, राहुल अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गौरव मित्तल, अर्पित अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, कामेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, दीपक जीडी अग्रवाल, पंकज गोयल, व्हीके अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, महिला मंडल, बहु रानी मंडल की पदाधिकारी, प्रवक्ता संजय अग्रवाल शिल्पी, राहुल अग्रवाल उपस्थित थे।